The position of overall availability of fertilisers including controlled fertilisers during Rabi 1993-94, as compiled by the State Government in nutrient terms for the period ending 31-1-94, is as follows:—

(Figures in '000 tonnes)

	Nitrogen	Phosphate	Potash	Total
Potential requirement for Rabi 1993-94 . .	320.20	167.50	79.35	567.05
Availability (Upto January, 1994) . . .	257.27	92.04	46.41	395.72

उर्वरकों का आयात/निर्यात

3023. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय किन-किन देशों से उर्वरकों का आयात किया जा रहा है तथा इनका किन-किन देशों को निर्यात किया जा रहा है, और

(ख) पिछले दो वर्षों के दौरान भारत ने उर्वरकों के आयात पर कितनी विदेशी-मुद्रा व्यय की है और इनके निर्यात से कितनी विदेशी-मुद्रा अर्जित की है ?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फलेरियो) : (क) यूरिया, डाई-अमोनियम फास्फेट (डी ए पी) और म्यूरिएट आफ पोटाश (एम ओ पी) तीन मुख्य उर्वरक है जिनका आयात किया जाता है। यूरिया नियंत्रित है और इसका आयात एम एम टी सी लि० के माध्यम से सरणीबद्ध किया जाता है। 1993–94 के दौरान एम एम टी सी लि० द्वारा सी आई एस, जोर्डन, कुवैत, लीबिया, कतार, सऊदी अरब, यू ए ई, रोमानिया, इण्डोनेशिया, क्रोशिया और बांगलादेश से यूरिया का आयात किया गया है।

डी ए पी और एम ओ पी अनियंत्रित हैं और उनका आयात भी असरणीबद्ध है। सरकार असरणीबद्ध आयात का रिकार्ड नहीं रखती है। तथापि, डी ए पी आयातों का मुख्य स्रोत यू एस ए, जोर्डन, सऊदी अरब, मैक्सिको और सी आई एस है। 1993–94 के दौरान एम ओ पी का आयात जर्मनी और कनाडा के द्विपक्षी सहयोग से किया गया है। सी आई एस, जोर्डन और इजराइल से भी एम ओ पी का आयात किया गया है।

वर्ष 1993–94 के दौरान बांगलादेश को मिक्स सुपर फास्फेट (एस एस पी) का और ओमान को एन पी के उर्वरकों के निर्यात के लिए "अनापत्ति" की मंजूरी दी गयी है।

(ख) गत दो वर्षों के दौरान उर्वरकों के सरकारी आयात से विदेशी मुद्रा का व्यय निम्न प्रकार है :—

1991–92	रु० 1912 करोड़
1992–93	रु० 1993 करोड़

उसी अवधि के दौरान नेपाल को उर्वरकों की कुछ मात्रा उपलब्ध कराई गयी थी। इन निर्यातों से अर्जित विदेशी मुद्रा निम्न प्रकार है :—

1991–92	रु० 6.38 करोड़
1992–93	रु० 6.44 करोड़